प्रेरणा आदर्श विद्यालय के छात्रों को प्रेरित किया नंद कुमार ने

मेडिकल छात्र ने जूनियरों को दिया सफलता का मंत्र

जशपुरनगर (निप्र) । थोडी सी मेहनत और मन लगाकर अध्ययन बच्चों को सही दिशा और ज्ञान देकर लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होता साबित हो सकता है। उक्त विचार चिकित्सा महाविद्यालय बिलासपुर में एमबीबीएस में अध्ययनरत छात्र नंद कुमार भार्गव ने कही। वे ग्राम डोड़काचौरा में स्थित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 11 वीं और 12 वी के छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

चर्चा में उपस्थित छात्र, छात्रों को टिप्स देते हुए नंद कुमार। – फोटो : नईदुनिया

नंद कुमार इस संस्था के छात्र रह चुके हैं। और वर्ष 2012 अध्ययनकर अखिल भारतीय चिकित्सा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हुए थे। छात्रों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में जो कार्य हम कर रहे होते है इसकी सही पहचान हमें नहीं होती है। यदि हम सही गलत की पहचान करना सीख जाए तो हमें अपने जीवन में सफलता की ओर कैसे बढ़ते जाना है का ज्ञान स्वयं होता जाएगा और जिस प्रोफेशन में हम जाना चाहते है उसके लिए अध्ययन करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होने बताया कि छात्रों को विषय के साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी होनी चाहिए, प्रतियोगिता की दौड़ में कैसे अपना भविष्य तय करने के लिए मेहनत करनी चाहिए इस बारे में नंद कुमार ने बताया कि नियमित एवं निरंतर अध्ययन सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, शिक्षक आरके पाठक, संजीव शर्मा, संजय नंदे, संतोष बंजारे, श्रीमती उमा नंदे सहित स्टाफ उपस्थित थे।